आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 20.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर से 26 हजार करोड़ रूपए से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगें
- प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डब्ल्यू.एच.ओ. के सत्र को वर्चुअली संबोधित करते हुए सभी से स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का आह्वान कियां
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह हर साल आयोजित करने को कहां
- प्रदेश में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में भीषण गर्मी और लू–अगले दो दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावनां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 मई को बीकानेर से 26 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगें ये विकास परियोजनाएं रेलवे, सड़क, ऊर्जा, जल, नवी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगीं और ब्यौरा दे रही हैं हमारी प्रतिनिधि डॉ. सालेहा गाजी–

............

हमारी हनुमानगढ़ संवाददाता ने बताया कि वर्चुअली उद्घाटन वाले स्टेशनों में जिले का गोगामेड़ी स्टेशन भी शामिल हैं इसके कायाकल्प पर करीब 14 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं

............

चूरू के राजगढ़ स्टेशन को करीब 17 करोड़ रुपये की लागत से नया रूप दिया गया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि नये आधुनिक सुविधायुक्त जगमगाते स्टेशन को देखकर यात्री उत्साहित हैं

............

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सुधार हो रहे हैं सरकार ने देशभर में हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का विशाल नेटवर्क बनाया हैं श्री मोदी ने कहा कि देश में दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत चलाई जा रही हैं इसमें करीब 5 करोड़ 80 लाख लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा हैं श्री मोदी आज विश्व स्वास्थ्य संगठन के जेनेवा में हो रहे 78वें सत्र को वर्चुअली संबोधित कर रहे थें अपने संबोधन में श्री मोदी ने स्वस्थ जीवन के लिए सभी से योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान कियां

............

डब्ल्यू.एच.ओ. की महासभा ने भारत को ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए पुरस्कृत कियां भारत दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र में इस जन स्वास्थ्य उपलब्धि को हासिल करने वाला तीसरा देश बन गया हैं सरकार ने ट्रेकोमा उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कई कदम उठाए हैं

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालय में जिस वर्ष विद्यार्थी की शिक्षा पूरी हो, उसी साल दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाना चाहिएं उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को डिग्री भी समय मिलनी चाहिए, इसके लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं राज्यपाल आज जयपुर में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय–आरयूएचएस के दसवें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थें श्री बागड़े ने कहा कि समाज को अच्छे और प्रतिभाशाली डॉक्टर मिलें, इसके लिए चिकित्सा शिक्षा में शोध और अनुसन्धान पर जोर दिया जाना चाहिएं उन्होंने विश्वविद्यालय को ज्ञान के आदान–प्रदान का केन्द्र बनाने की आवश्यकता जताईं इसके लिए दूसरे विश्वविद्यालयों से सहयोग किया जाना चाहिएं कुलगुरु प्रोफेसर प्रमोद येवले ने आरयूएचएस प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत कियां

000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी और सशस्त्र बलों को नमन करने के लिए प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं इनमें उत्साह के साथ लोग हिस्सा ले रहे हैं गीतों और नारों की गूंज से माहौल देशभक्तिपूर्ण बना हुआ हैं

सवाईमाधोपुर की खंडार तहसील में निकाली गई तिरंगा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल बरसा कर स्वागत कियां

जयपुर में आज महिलाओं की ओर से सिंदूर यात्रा निकाली जा रही हैं यात्रा को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित कियां इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि इस ऑपरेशन के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों की दक्षता को पूरी दुनिया ने देखा हैं

............

सिंदूर यात्रा में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा ले रही हैं पाली में भी सैनिकों के सम्मान में महिलाओं ने सिंदूर यात्रा कार्यक्रम रखां जवानों के शौर्य को नमन करते हुए भरतपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गयां इसमें वीरांगनाओं ने भी हिस्सा लियां

000

**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई** ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निरीक्षणों में तेजी लाने का आग्रह किया हैं प्राधिकरण ने कहा है कि गलत प्रक्रियाओं से फल पकाने वाले एजेंटों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएं साथ ही सिंथेटिक रंगों और मोम के साथ फलों को रंगने तथा कोटिंग करने पर भी रोक लगाई गई हैं एक अधिसूचना में सभी खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और प्राधिकरणों के क्षेत्रीय निदेशकों से कैल्शियम कार्बाइड जैसे रसायनों से फल पकाने वाले एजेंटों के खिलाफ फल बाजारों और मंडियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया हैं

000

प्रदेश में आज बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में लू का असर रहां पाली, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू, जैसलमेर, बारां सहित विभिन्न स्थानों पर लोग भीषण गर्मी और लू से बेहाल रहें सवाईमाधोपुर में भी प्रचंड गर्मी का दौर जारी हैं दिन चढ़ने के साथ ही तापमान में बढोतरी और धूप की तपिश लोगों को परेशान कर रही हैं

प्रदेश में चल रहे भीषण गर्मी और लू के दौर को देखते हुए चिकित्सा विभाग की ओर से लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही हैं अधिकतर जिलों में लू और तापघात से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई हैं दिन के समय जरूरी होने पर ही बाहर निकलने और पेय पदार्थों का सेवन करते रहने को कहा हैं बच्चों और बुजुर्गों को खास ध्यान रखने का परामर्श दिया गया हैं

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिनों में कई स्थानों पर तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार हैं

............

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगां इसके लिए विभिन्न स्थानों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं इसी सिलसिले में बाड़मेर में आज योगाभ्यास की शुरूआत हुई आयुर्वेद विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर प्रदीप धन्दे ने बताया कि योग दिवस के काउंट डाउन कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरुक किया जा रहा हैं अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और औषधालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू किये गये हैं

000